www.a2zSubjects.com

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

 (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

 (Name) ____________________

**OMR Sheet No. :** ............................................
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________
(In words)

**D 0 2 1 5**

# PAPER - II
# POLITICAL SCIENCE

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
 (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
 (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
 (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
 **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
 (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
 (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
 (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
 **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिन्हांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

# POLITICAL SCIENCE
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Which of the following is **not** an organ of Kautilya's state ?

(1) Swami (2) Amatya (3) Varna system (4) Danda

**2.** Plato's communism of family and property was largely derived from the experience of :

(a) Stagira (b) Sparta (c) Athens (d) Venice

Choose the **correct** answer :

(1) (a) and (b) (2) (a) and (c) (3) (c) only (4) (b) only

**3.** Scholasticism of middle ages sought to establish :

(a) Supremacy of political domain over the spiritual.

(b) The autonomy of intellectual freedom over the political regimes.

(c) The ascendency of theology over the philosophy.

(d) The subordination of rational element to the theological element of the church.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (c) and (d) (2) (a) and (d) (3) (a) and (c) (4) (b) and (d)

**4.** Match the following :

| | **List-I** | | **List-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Modern political thinker | (i) | Plato |
| (b) | Positivist school | (ii) | Machiavelli |
| (c) | Normative political theory | (iii) | August Comte |
| (d) | Scientific/inductive method | (iv) | Aristotle |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

# राजनीति विज्ञान

## प्रश्न-पत्र - II

**नोट :** इस प्रश्न-पत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** निम्नलिखित में से कौन कौटिल्य के राज्य का अंग **नहीं** है?

(1) स्वामी (2) अमात्य (3) वर्ण-व्यवस्था (4) दंड

**2.** प्लेटो के परिवार तथा सम्पत्ति के साम्यवाद के सिद्धान्त की व्युत्पत्ति मुख्यत: किसके अनुभव से हुई है ?

(a) स्टेगीरा (b) स्पार्टा (c) एथेन्स (d) वेनिस

**सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (a) और (b) (2) (a) और (c) (3) केवल (c) (4) केवल (b)

**3.** मध्यकाल के स्कोलास्टिसिज़्म का उद्देश्य था :

(a) आध्यात्मिक क्षेत्र पर राजनीतिक क्षेत्र की सर्वोच्चता स्थापित करना

(b) राजनीतिक शासन व्यवस्था पर बौद्धिक स्वतंत्रता की स्वायत्तता स्थापित करना

(c) दर्शन के ऊपर धर्म का प्रभुत्व

(d) चर्च के धार्मिक तत्वों के अधीन बुद्धिसंगत तत्वों को लाना

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

(1) (c) और (d) (2) (a) और (d) (3) (a) और (c) (4) (b) और (d)

**4.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | आधुनिक राजनीतिक विचारक | (i) | प्लेटो |
| (b) | निश्चयात्मक विचारधारा | (ii) | मैकियावेली |
| (c) | निगमनात्मक राजनीतिक सिद्धान्त | (iii) | ऑगस्ट कॉम्टे |
| (d) | वैज्ञानिक/आगमनात्मक विधि | (iv) | अरस्तू |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**5.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**.

**Assertion (A) :** Power corrupts and absolute power corrupts absolutely.

**Reason (R) :** Democracy is the best check against the misuse of power as the power is distributed among various groups.

In the context of the above two statements which one of the following is **correct** ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**6.** Match the following :

| | **List-I (Thinker)** | | **List-II (Idea)** |
|---|---|---|---|
| (a) | John Locke | (i) | Partyless democracy |
| (b) | Hobbes | (ii) | Consent theory |
| (c) | Jaya Prakash Narain | (iii) | Neo-liberalism |
| (d) | Robert Nozick | (iv) | Absolute sovereignty |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**7.** Match the items of **List-I** with items of **List-II** by selecting the **correct** answer from the codes :

| | **List-I (Thinkers)** | | **List-II (Theories)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Mao Tse Tung | (i) | Proletarian Dictatorship |
| (b) | Lenin | (ii) | Cultural Revolution |
| (c) | Marx | (iii) | One Country Socialism |
| (d) | Stalin | (iv) | Communist Party as the Vanguard of the proletariat |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |



www.a2zSubjects.com

**5.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है।

**अभिकथन (A) :** शक्ति भ्रष्ट बनाती है तथा पूर्ण शक्ति पूर्णरूपेण भ्रष्ट बनाती है।

**तर्क (R) :** लोकतंत्र में शक्ति के दुरुपयोग के विरुद्ध सर्वोत्तम नियंत्रण होता है क्योंकि शक्ति विभिन्न समूहों में विभाजित हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन **सही** है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**6.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये :

| **सूची - I** **( विचारक )** | | **सूची - II** **( विचार )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | जॉन लॉक | (i) | दल विहीन लोकतंत्र |
| (b) | हॉब्स | (ii) | सम्मति का सिद्धान्त |
| (c) | जय प्रकाश नारायण | (iii) | नव उदार-वाद |
| (d) | राबर्ट नॉजिक | (iv) | पूर्ण संप्रभुता |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**7.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये और दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनिये :

| **सूची - I** **( विचारक )** | | **सूची - II** **( सिद्धान्त )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | माओ त्से तुंग | (i) | सर्वहारा अधिनायकवाद |
| (b) | लेनिन | (ii) | सांस्कृतिक क्रांति |
| (c) | मार्क्स | (iii) | एक राष्ट्र समाजवाद |
| (d) | स्टॉलिन | (iv) | सर्वहारा वर्ग के अग्रणी के रूप में कम्यूनिस्ट पार्टी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**8.** Rearrange the following works of Karl Marx in sequential order in terms of Publication Year.

(a) Critique of Political Economy (b) Poverty of Philosophy

(c) Communist Manifesto (d) The Holy Family

**Codes :**

(1) (d), (b), (c) and (a) (2) (a), (c), (d) and (b)

(3) (b), (a), (d) and (c) (4) (d), (c), (b) and (a)

**9.** Communitarian theory lays emphasis on :

(1) Community as an inescapable ideal

(2) Unlimited freedom of the individual

(3) Limited role of the state

(4) Partial regulation of market economy

**10.** Given below are the two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R).** Select the **correct** answer from the codes given below.

**Assertion (A) :** Behavioural political theory sought to eliminate the role of values and make Political Science a pure science and quantitative.

**Reason (R) :** Political Science, being a social science, can never be value-free as it deals with human beings who are value - bound.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**11.** In whose description Maulana Azad, Jawaharlal Nehru, Vallabhbhai Patel and Rajendra Prasad formed 'an oligarchy within the (Constituent) Assembly' ?

(1) Granville Austin (2) Morris Jones

(3) V.P. Menon (4) Richard Sisson

**12.** Which one of the following Acts has not been passed under article 34 of the Indian Constitution ?

(1) The Border Security Force Act

(2) The Police Forces (Restriction of Rights) Act

(3) Armed Forces Special Power Act

(4) The Army Act



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**8.** कार्ल मार्क्स की निम्नलिखित रचनाओं को उनके प्रकाशित होने के वर्ष के अनुसार सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(a) क्रिटिक ऑफ पॉलिटिकल इकॉनॉमी (b) पॉवर्टी ऑफ फिलॉसॉफी

(c) कम्यूनिस्ट मेनिफेस्टो (d) द होली फैमिली

**कूट :**

(1) (d), (b), (c) और (a) (2) (a), (c), (d) और (b)

(3) (b), (a), (d) और (c) (4) (d), (c), (b) और (a)

**9.** समुदायवादी सिद्धान्त बल देता है :

(1) अपरिहार्य आदर्श के रूप में समुदाय पर (2) व्यक्ति की असीमित स्वतंत्रता पर

(3) राज्य की सीमित भूमिका पर (4) बाज़ार अर्थव्यवस्था का आंशिक विनियमन पर

**10.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनिये।

**अभिकथन (A) :** व्यवहारवादी राजनीतिक सिद्धान्त का उद्देश्य मूल्यों की भूमिका समाप्त कर राजनीति विज्ञान को विशुद्ध विज्ञान तथा इसे मात्रात्मक बनाना था।

**तर्क (R) :** एक सामाजिक विज्ञान होने के कारण राजनीति विज्ञान को कभी भी मूल्य विहीन नहीं बनाया जा सकता क्योंकि इसका संबंध मानव से है जो मूल्यों से बंधे होते हैं।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परन्तु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परंतु **(R)** सत्य है।

**11.** किसके वर्णन में मौलाना आजाद, जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल तथा राजेन्द्र प्रसाद '(संविधान सभा) में अल्पतंत्र' के रूप में थे ?

(1) ग्रेनविल ऑस्टिन (2) मोरिस जोन्स (3) वी.पी. मेनन (4) रिचर्ड सिसन

**12.** निम्नलिखित में से किस अधिनियम को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 34 के अन्तर्गत पारित नहीं किया गया है ?

(1) सीमा सुरक्षा बल अधिनियम (2) पुलिस बल (अधिकारों का निर्बंधन) अधिनियम

(3) सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (4) सैन्य अधिनियम



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**13.** "The Supreme Court of India is at long last becoming, after thirty two years of the Republic, the Supreme Court for Indians". Who said this ?

(1) Justice V.R. Krishna Aiyyer
(2) Justice P.N. Bhagwati
(3) Upendra Baxi
(4) Nani Palkhiwala

**14.** "India has a hallowed place in discussions of democracy...... But it has become less tolerant, less secular, less law-abiding, less liberal. And these two trends - democratization and illiberalism- are directly related". Who writes this ?

(1) Atul Kohli
(2) Sunil Khilnani
(3) Fareed Zakaria
(4) Paul R. Brass

**15.** In which one of the following cases the Supreme Court of India has laid down exhaustive guidelines for preventing sexual harassment of working women in place of their work ?

(1) Hussainara Khatoon V. State of Bihar
(2) Delhi Domestic Working Women's Forum V. Union of India
(3) Olga Tellis V. Bombay Municipal Corporation
(4) Vishaka V. State of Rajasthan and others.

**16.** Match **List-I** with **List-II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List-I** **(Leaders)** | | **List-II** **(Political Parties)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Ram Vilas Paswan | (i) | Samajwadi Party |
| (b) | H.D. Kumarswamy | (ii) | Nationalist Congress Party |
| (c) | Praful Patel | (iii) | Janata Dal (Secular) |
| (d) | Akhilesh Yadav | (iv) | Lok Janshakti Party |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**17.** How many functional items have been placed within the purview of municipalities by the Twelfth Schedule to the Constitution ?

(1) 18
(2) 30
(3) 35
(4) 40



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**13.** ''भारत का उच्चतम न्यायालय अन्ततः, गणराज्य के बत्तीस वर्ष बाद, भारतीयों के लिये उच्चतम न्यायालय बन गया है।'' यह किसका कथन है?

(1) न्यायमूर्ति वी.आर. कृष्ण अय्यर का (2) न्यायमूर्ति पी.एन. भगवती का

(3) उपेन्द्र बक्शी का (4) नानी पालकीवाला का

**14.** ''भारत का लोकतंत्र के विचार-बहस में पवित्र स्थान है .... परंतु यह कम सहिष्णु, कम पंथ निरपेक्ष, कम विधि अनुसरणकर्ता, कम उदार हो गया है। और ये दोनों प्रवृत्तियां - लोकतंत्रीकरण तथा अनुदारवाद एक दूसरे से जुड़ी है।'' यह कथन किसका है?

(1) अतुल कोहली (2) सुनील खिलनानी (3) फरीद ज़कारिया (4) पॉल आर. ब्रास

**15.** निम्नलिखित में से किस मामले में भारत के उच्चतम न्यायालय ने कार्य स्थलों में कामकाजी महिलाओं के यौन उत्पीड़न की रोकथाम हेतु व्यापक दिशानिर्देश जारी किये हैं?

(1) हुसैनआरा खातून बनाम बिहार राज्य (2) दिल्ली की घरेलू कामकाजी महिला मंच बनाम भारत संघ

(3) ओल्गा टेलिज बनाम बम्बई नगर निगम (4) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य व अन्य

**16.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनिये :

| **सूची - I (नेता)** | | **सूची - II (राजनीतिक दल)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | राम विलास पासवान | (i) | समाजवादी पार्टी |
| (b) | एच.डी. कुमारस्वामी | (ii) | राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी |
| (c) | प्रफुल्ल पटेल | (iii) | जनता दल (सेक्यूलर) |
| (d) | अखिलेश यादव | (iv) | लोक जनशक्ति पार्टी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

**17.** संविधान की बारहवीं अनुसूची द्वारा नगर पालिकाओं के क्षेत्र के अन्दर कितनी कार्यात्मक मदें रखी गई हैं?

(1) 18 (2) 30 (3) 35 (4) 40



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**18.** Rearrange the following in chronological order :

(a) Punchhi Commission

(b) Anandpur Sahib Resolution

(c) Administrative Reforms Commission

(d) Rajamannar Committee

Choose the **correct** code :

(1) (d), (a), (b) and (c) (2) (b), (d), (a) and (c)

(3) (a), (b), (d) and (c) (4) (c), (d), (b) and (a)

**19.** Who among the following was not the speaker of the Lok Sabha ?

(1) Rabi Ray (2) Hukum Singh

(3) Baliram Bhagat (4) Gopal Swarup Pathak

**20.** Match the following and select the correct pairs :

| | List - I [Authors] | | List - II [Books] |
|---|---|---|---|
| (a) | Norman D. Palmer | (i) | The success of India's Democracy. |
| (b) | Granvelli Austin | (ii) | Elections and Political Development : South Asian Experience |
| (c) | Myron Weiner | (iii) | Indian Constitution : The cornerstone of A Nation |
| (d) | Atul Kohli | (iv) | Politics of Scarcity |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**21.** Which of the following were described by David Easton as intellectual foundations of the System Analysis ? Give the correct answer from the codes given below :

(a) Regularities (b) Verification (c) Techniques (d) Quantification

**Codes :**

(1) (a) (2) (a), (b) (3) (a), (b), (c) (4) (a), (b), (c), (d)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**18.** निम्नलिखित को सही कालक्रम में व्यवस्थित कीजिये :

(a) पुंछी आयोग
(b) आनन्दपुर साहिब का प्रस्ताव
(c) प्रशासनिक सुधार आयोग
(d) राजमन्नार समिति

**सही** कूट का चयन कीजिये :

(1) (d), (a), (b) और (c)
(2) (b), (d), (a) और (c)
(3) (a), (b), (d) और (c)
(4) (c), (d), (b) और (a)

**19.** निम्नलिखित में से कौन लोक सभा के अध्यक्ष नहीं थे ?

(1) रबि राय
(2) हुकुम सिंह
(3) बलिराम भगत
(4) गोपाल स्वरूप पाठक

**20.** निम्नलिखित को सुमेलित कर सही युग्म का चयन कीजिये :

| **सूची - I** **( लेखक )** | | **सूची - II** **( पुस्तकें )** |
|---|---|---|
| (a) | नार्मन डी. पामर | (i) द सक्सेस ऑफ इंडियाज डेमोक्रेसी |
| (b) | ग्रेनविल आस्टिन | (ii) एलेक्शन एण्ड पॉलिटिकल डेवलपमेंट : साउथ एशियन एक्सपेरियंस |
| (c) | मायरोन वेनर | (iii) इंडियन कंस्ट्यिुशन : द कार्नरस्टोन ऑफ ए नेशन |
| (d) | अतुल कोहली | (iv) पॉलिटिक्स ऑफ स्कार्सिटी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**21.** डेविड ईस्टन ने निम्नलिखित में से किन्हें प्रणाली विश्लेषण (सिस्टम एनालाइसिस) को बौद्धिक आधारशिला के रूप में वर्णित किया है ? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

(a) नियमितताएं
(b) सत्यापन
(c) तकनीकें
(d) परिमाणन

**कूट :**

(1) (a)
(2) (a), (b)
(3) (a), (b), (c)
(4) (a), (b), (c), (d)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**22.** The study of comparative politics became significant after the :

(a) World War I

(b) World War II

(c) Emergence of new nations

(d) Rise of middle eastern nations

Choose the **correct** answer :

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (a) and (d) (4) (b) and (d)

**23.** Who among the following is regarded as the Father of Comparative Politics ?

(1) Plato (2) Aristotle (3) Lucian Pye (4) G.A. Almond

**24.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer by using the codes given below :

| | **List - I (Author)** | | **List - II (Title)** |
|---|---|---|---|
| (a) | C.W. Mills | (i) | The ruling class |
| (b) | Vilfredo Pareto | (ii) | Iron Law of Oligarchy |
| (c) | Gaetano Mosca | (iii) | The Power Elite |
| (d) | Roberto Michels | (iv) | Circulation of Elites |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**25.** Which of the following is **not** true of pressure groups ?

(a) interest articulation

(b) funding the political parties

(c) influencing the policies of the government

(d) implementation of policies

Choose the **correct** answer from the below :

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (d) only (4) (c) only



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**22.** __________ किसके पश्चात् तुलनात्मक राजनीति का अध्ययन महत्त्वपूर्ण हो गया।

(a) प्रथम विश्व युद्ध (b) द्वितीय विश्व युद्ध

(c) नये राष्ट्रों के उदय (d) मध्य पूर्व के राष्ट्रों का उदय

**सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (a) और (d) (4) (b) और (d)

**23.** निम्नलिखित में से किसे तुलनात्मक राजनीति शास्त्र का जनक माना जाता है ?

(1) प्लेटो (2) अरस्तू (3) लूसियन पाई (4) जी.ए.अल्मांड

**24.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिये गये कूटों में से **सही** उत्तर का चयन कीजिये :

| | **सूची - I (लेखक)** | | **सूची - II (शीर्षक)** |
|---|---|---|---|
| (a) | सी.डब्ल्यू. मिल्स | (i) | सत्ता वर्ग |
| (b) | विल्फ्रेडो परेटो | (ii) | अल्पतंत्र का सख्त कानून |
| (c) | गैटेनो मोस्का | (iii) | शक्ति अभिजन |
| (d) | रोबर्टो मिशेल्स | (iv) | अभिजनों का परिचलन |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**25.** निम्नलिखित में से कौन दबाव समूहों के बारे में सही **नहीं** है ?

(a) हित अभिव्यक्त करना (b) राजनीतिक दलों का वित्त पोषण

(c) सरकार की नीतियों को प्रभावित करना (d) नीतियां लागू करना

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनिये :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) केवल (d) (4) केवल (c)



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**26.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | India | (i) | Rule of Law |
| (b) | U.S.A. | (ii) | Judicial Review |
| (c) | U.K. | (iii) | Two sets of courts |
| (d) | France | (iv) | Due process of law |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**27.** Which one of the following statements is **not** correct in regard to Aristotle's classification of governments ?

(1) The classification of governments was on the basis of number of people involved in the task of governing.

(2) Whether rulers governed in common interest (the genuine form) or in their own (perverted form)

(3) The government is more effective and stable when rulers govern in the long interest

(4) The government is captured by shared interest and remains insensitive to shared interests of the whole community.

**28.** The crises described by Leonard Binder et all in their book "crises and sequences in Political Development" are :

(a) Identity crises
(b) Integration crises
(c) Legitimacy crises
(d) Resource Mobilisation crises

**Codes :**

(1) (a)
(2) (a), (b)
(3) (a), (b), (c)
(4) (a), (b), (c), (d)

**29.** Which of the following factors are related to load capacity in the communications theory ?

(a) responsiveness
(b) fidelity
(c) background noise
(d) distortion

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a) and (b)
(2) (b) and (c)
(3) (a), (b) and (c)
(4) (a), (b), (c) and (d)

**30.** Which one of the following said, "the power is a matter of getting people to do what they would not have otherwise done" ?

(1) Hannah Avendt
(2) Robert Dahl
(3) Max Weber
(4) Hans Morgenthau



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**26.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिये :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | भारत | (i) | कानून का शासन |
| (b) | यू.एस.ए. | (ii) | न्यायिक पुनरीक्षा |
| (c) | यू.के. | (iii) | न्यायालयों के दो सेट |
| (d) | फ्रांस | (iv) | कानून की उचित प्रक्रिया |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |

**27.** अरस्तू द्वारा किये गये सरकारों के वर्गीकरण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) सरकारों का वर्गीकरण शासन कार्य में शामिल लोगों की संख्या पर आधारित था।

(2) इस आधार पर कि क्या शासक आम हित (यथार्थ रूप) में अथवा अपने हित (विकृत रूप) में शासन करते हैं।

(3) वह सरकार अधिक प्रभावी तथा स्थायी होती है जो दीर्घकालिक हित में शासन करती है।

(4) सरकार साझे हितों के वशीभूत होती है तथा संपूर्ण समुदाय के साझे हितों के प्रति असंवेदनशील होती है।

**28.** लियोनार्ड बिन्डर आदि विचारकों द्वारा अपनी पुस्तक ''क्राइसिस एण्ड सेक्वेंसेज इन पॉलिटिकल डेवलपमेन्ट'' में उल्लेख किये गये संकट हैं :

(a) पहचान का संकट (b) समेकन का संकट

(c) वैधता का संकट (d) संसाधन जुटाने का संकट

**कूट :**

(1) (a) (2) (a), (b) (3) (a), (b), (c) (4) (a), (b), (c), (d)

**29.** निम्नलिखित में से कौन-से कारक संचार सिद्धान्त में लोड कैपेसिटी से संबंधित है?

(a) अनुक्रियाशीलता (b) विश्वस्तता (c) पृष्ठभूमि संगीत (d) तोड़ - मरोड़

नीचे दिये कूट से **सही** उत्तर चुनिये :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (a), (b) और (c) (4) (a), (b), (c) और (d)

**30.** निम्नलिखित में से यह किसका कथन है, ''शक्ति वह है जिससे लोगों से काम कराया जा सकता है तथा जिसके अभाव में वे काम नहीं करते?''

(1) हन्नाह अवेन्डट (2) राबर्ट डहल (3) मैक्स वेबर (4) हैंस मोर्गेन्थाऊ



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**31.** Who among the following is not associated with evolving the principles of organisation ?

(1) Henri Fayol (2) L.D. White (3) L.F. Urwick (4) Luther Gulick

**32.** Who among the following remained chairman of the Comparative Administrative Group in the United States of America for 10 years ?

(1) Woodrow Wilson (2) D. Waldo

(3) Fred Riggs (4) Herbert Simon

**33.** The 'one best way' in scientific management means :

(1) Equal division of work

(2) Intensive analysis of work processes

(3) Mental revolution on the part of workers and management

(4) Standardisation of work methods

**34.** Which one of the following is not a staff agency in U.S.A. ?

(1) State Department (2) Office of Budget and Management

(3) National Security Council (4) The White House

**35.** What is the **correct** sequence of F.M. Marx's classification of bureaucracy ?

(a) Merit (b) Guardian (c) Patronage (d) Caste

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c) and (d) (2) (b), (c), (d) and (a)

(3) (b), (d), (c) and (a) (4) (c), (d), (a) and (b)

**36.** Performance Budgeting was introduced in India on the recommendation of :

(1) Paul Appleby Report

(2) Gorwala Report

(3) First Administrative Reforms Commission Report

(4) Santhanam Committee Report

**37.** Domicile qualification for public appointments was first used in :

(1) the U.K. (2) the U.S.A. (3) India (4) Australia

**38.** The Chief Information Commissioner and Information Commissioners in India are appointed for a term of :

(1) 3 years (2) 4 years (3) 5 years (4) 6 years



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**31.** संगठन के सिद्धांतों के विकास से निम्नांकित में कौन संबंधित नहीं है ?

(1) हेनरी फेयोल (2) एल.डी. व्हाइट (3) एल.एफ. उर्विक (4) लुथर गुलिक

**32.** निम्नांकित में से कौन दस वर्षों तक अमेरिकी कम्पेरेटिव एडमिनिस्ट्रेटिव ग्रुप का अध्यक्ष रहा ?

(1) वुडरो विल्सन (2) डी. वाल्डो (3) फ्रेड रिग्स (4) हर्बर्ट साइमन

**33.** वैज्ञानिक प्रबंधन में 'वन बेस्ट वे' का अर्थ है :

(1) कार्य का समान बटवारा (2) कार्य प्रक्रियाओं का गहन विश्लेषण

(3) कामगारों और प्रबंधन की मानसिक क्रांति (4) कार्य विधियों का मानकीकरण

**34.** निम्नांकित में से कौन यू.एस.ए. में एक स्टाफ एजेंसी नहीं है ?

(1) स्टेट डिपार्टमेंट (2) ऑफिस ऑफ बजट एंड मैनेजमेंट

(3) नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल (4) द व्हाइट हाउस

**35.** एफ.एम. मार्क्स द्वारा नौकरशाही के वर्गीकरण का **सही** क्रम क्या है ?

(a) प्रतिभा (b) अभिभावक (c) संरक्षण (d) जाति

निम्नांकित दिए गए कूटों में से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b), (c) तथा (d) (2) (b), (c), (d) तथा (a)

(3) (b), (d), (c) तथा (a) (4) (c), (d), (a) तथा (b)

**36.** भारत में निष्पादन बजट निम्नलिखित में से किसकी सिफारिश पर शुरू किया गया था :

(1) पॉल एपलबि रिपोर्ट (2) गोरवाला रिपोर्ट

(3) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग रिपोर्ट (4) संथानम समिति रिपोर्ट

**37.** सरकारी नियुक्तियों में मूल अधिवास योग्यता का सर्वप्रथम उपयोग किया गया था :

(1) यू.के. में (2) यू.एस.ए. में (3) भारत में (4) आस्ट्रेलिया में

**38.** भारत में मुख्य सूचना आयुक्त तथा सूचना आयुक्तों की नियुक्ति की जाती है :

(1) 3 वर्ष के लिये (2) 4 वर्ष के लिये (3) 5 वर्ष के लिये (4) 6 वर्ष के लिये



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**39.** Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)**. Select the correct answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** The practical application of the principle of unity of command is not always feasible.

**Reason (R) :** Administrative and technical tasks generally need different kinds of supervision.

**Codes :**

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true

**40.** The aim of E-Government is to make the interaction between government and citizens.

(a) more friendly (b) convenient (c) transparent (d) inexpensive

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a) and (c) (2) (a), (b) and (c)

(3) (b), (c) and (d) (4) (a), (b), (c) and (d)

**41.** Economic diplomacy is also termed as :

(1) cultural diplomacy (2) oil diplomacy

(3) crisis diplomacy (4) development diplomacy

**42.** Which of the following is not a characteristic feature of non-alignment ?

(1) Non - alignment stands for plurality and democratic equality among community of nations.

(2) It opposes all forms of racialism and discrimination and it champions the cause of fundamental freedoms. Economic and social justice is the motto of non-alignment.

(3) Non-alignment rests on the presumption that national security is linked with national strength of individual nations.

(4) Non-alignment asserts that international peace is an alienable prerequisite for attaining national aspirations and for the exercise of sovereign independence.

**43.** Which of the following is not a technique to exercise National Power ?

(1) Diplomacy (2) Economic state craft

(3) Use of military force (4) To join a world organisation



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**39.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है। नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

**अभिकथन (A) :** कमान की एकता के सिद्धान्त का व्यावहारिक उपयोग हमेशा व्यवहार्य नहीं होता।

**तर्क (R) :** सामान्यत: प्रशासनिक तथा तकनीकी कार्यों में विभिन्न प्रकार के पर्यवेक्षण की आवश्यकता होती है।

**कूट :**

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं और **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सत्य हैं लेकिन **(R), (A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सत्य है, परंतु **(R)** असत्य है।

(4) **(A)** असत्य है, परन्तु **(R)** सत्य है।

**40.** ई-शासन का लक्ष्य सरकार तथा नागरिकों के बीच पारस्परिक अन्त:क्रिया को बनाना है।

(a) अधिक दोस्ताना (b) सुविधाजनक (c) पारदर्शी (d) किफायती

नीचे दिये गये कूट से **सही** उत्तर चुनिये :

(1) (a) और (c) (2) (a), (b) और (c) (3) (b), (c) और (d) (4) (a), (b), (c) और (d)

**41.** आर्थिक कूटनीति को इस रूप में भी जाना जाता है :

(1) सांस्कृतिक कूटनीति (2) तेल कूटनीति (3) संकट कूटनीति (4) विकास कूटनीति

**42.** निम्नलिखित में से क्या गुटनिरपेक्षता की विशेषता नहीं है?

(1) गुटनिरपेक्षता राष्ट्रों के समुदायों में बहुलवाद और लोकतांत्रिक समानता का पक्षधर है।

(2) यह नस्लवाद और भेदभाव की सभी ताकतों का विरोध करता है और मौलिक स्वतंत्रता का समर्थक है। आर्थिक और सामाजिक न्याय गुटनिरपेक्षता का उद्देश्य है।

(3) गुटनिरपेक्षता इस धारणा पर आधारित है कि राष्ट्रीय सुरक्षा राष्ट्रों की राष्ट्रीय शक्ति से जुड़ी हुई है।

(4) गुटनिरपेक्षता इस बात पर विश्वास करता है कि अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति राष्ट्रीय आकांक्षाओं को प्राप्त करने और सार्वभौम स्वतंत्रता के उपयोग के लिए एक असंबद्ध पूर्वपेक्षा है।

**43.** निम्नलिखित में से क्या राष्ट्रीय शक्ति के उपयोग की तकनीक नहीं है?

(1) कूटनीति (2) आर्थिक शासनकला

(3) सैन्य शक्ति का उपयोग (4) विश्व संगठन में शामिल होना



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**44.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I (Book)** | | **List - II (Author)** |
|---|---|---|---|
| (a) | International Relations Theory : The Three Traditions | (i) | Gerhard Wahlers |
| (b) | The North South Divide and the International System | (ii) | Tadjbaksh Shakbanon and Anuradha Chenoy |
| (c) | Human security | (iii) | N.B. Adams |
| (d) | India and the European Union | (iv) | Martin Wight |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**45.** Which one of the following can be regarded as the currency of power ?

(1) Food
(2) Nuclear Weapons
(3) Industrial Capacity
(4) Military Preparedness

**46.** Which of the following statements are **correct** ?

(a) According to Article 3 of the charter, the countries that attended the San Francisco conference, June 1945 and those who signed the United Nations Declaration on 1st January 1942 became original members of United Nations.

(b) Switzerland became a member of United Nations in 2003.

(c) The regular session of General Assembly commences in September and usually goes on till the end of the year.

(d) The retiring members of economic and social council are eligible for immediate re-election also.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c)
(2) (b), (c) and (d)
(3) (a), (b) and (d)
(4) (a), (c) and (d)

**47.** Who was of opinion that, "the end of cold war represented the victory of ideal state", and liberal capitalism ?

(1) Michael Doyle
(2) Thomas Dunne
(3) Francis Fukuyama
(4) Samuel Huntington



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**44.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से **सही** उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I** ( **पुस्तकें** ) | | **सूची - II** ( **लेखक** ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | इंटरनेशनल रिलेसन्स थ्योरी : द थ्री ट्रेडीसन्स | (i) | गेरहार्ड वेलर्स |
| (b) | द नार्थ साउथ डिवाइड एन्ड द इंटरनेशनल सिस्टम | (ii) | टैडबक्श शकबेनॉन और अनुराधा चेनॉय |
| (c) | ह्यूमेन सिक्योरिटी | (iii) | एन.बी. एडम्स |
| (d) | इंडिया एन्ड द यूरोपियन यूनियन | (iv) | मार्टिन वाइट |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**45.** निम्नलिखित में से किसे शक्ति का प्रतीक (करेंसी ऑफ पावर) माना जा सकता है ?

(1) भोजन (2) परमाणु हथियार (3) औद्योगिक क्षमता (4) सैन्य तैयारी

**46.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** हैं ?

(a) चार्टर के अनुच्छेद 3 के अनुसार जिन देशों ने सनफ्रांसिसको सम्मेलन में जून 1945 में भाग लिया था और जिन्होंने 1 जनवरी 1942 को संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर किए थे वे संयुक्त राष्ट्र के मूल सदस्य बने।

(b) स्वीटजरलेण्ड 2003 में संयुक्त राष्ट्र संघ का सदस्य बना।

(c) आम सभा का सामान्य सत्र सितम्बर में आरम्भ होता है और आमतौर पर वर्ष के अन्त तक जारी रहता है।

(d) आर्थिक और सामाजिक परिषद के सेवानिवृत्त हो रहे सदस्य तत्काल पुन: निर्वाचित होने के पात्र भी होते हैं।

नीचे दिए गए कूटों से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b) और (c) (2) (b), (c) और (d) (3) (a), (b) और (d) (4) (a), (c) और (d)

**47.** किसने कहा था ''शीत युद्ध का अन्त आदर्श राज्य और उदारवादी पूंजीवाद के विजय का प्रतिनिधित्व करता है।''

(1) माइकल डोयल (2) थॉमस डन (3) फ्रांसिस फुकुयामा (4) सैमुअल हंटिंगटन



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**48.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer from the codes given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Soviet Union - German non-aggression pact | (i) | September, 1939 |
| (b) | Germany invaded soviet union | (ii) | March, 1939 |
| (c) | Germany occupied Czechoslovakia | (iii) | June, 1941 |
| (d) | Germany invaded Poland | (iv) | April, 1941 |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**49.** Which of the following statements are **correct** ?

(a) The convening of Bandung conference, 1955 was suggested by Sri Lanka.

(b) The immediate provocation to convene this conference was conclusion of a treaty between Taiwan and the United States, and creation of SEATO and Baghdad Pact.

(c) The idea of holding this conference was welcomed by USSR and China.

(d) Bandung is a city of Indonesia.

Select the **correct** answer from the codes given below :

(1) (a), (b) and (c) (2) (b), (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d) (4) (a), (c) and (d)

**50.** Which of the following article of charter of United Nations provides that "all the members of the UN undertake to make available to the security council, on its call and in accordance with special agreements, armed forces, assistance and facilities, including rights of passage, necessary for the purpose of maintaining international peace and security".

(1) Article 41 (2) Article 42 (3) Article 43 (4) Article 44

- o 0 o -



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**48.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| | **सूची - I** | | **सूची - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | सोवियत संघ - जर्मन अनाक्रामण संधि | (i) | सितम्बर, 1939 |
| (b) | जर्मनी का सोवियत संघ पर आक्रमण | (ii) | मार्च, 1939 |
| (c) | जर्मनी का चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा | (iii) | जून, 1941 |
| (d) | पोलेन्ड पर जर्मनी का आक्रमण | (iv) | अप्रैल, 1941 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**49.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन **सही** है ?

(a) बांडूंग सम्मेलन, 1955 के आयोजन का सुझाव श्रीलंका ने दिया था।

(b) इस सम्मेलन को आयोजित करने का तात्कालिक उकसावा ताईवान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच एक संधि और सीटों (एस.ई.ए.टी.ओ.) की स्थापना और बागदाद पैक्ट था।

(c) इस सम्मेलन के आयोजन के विचार का सोवियत रूस और चीन ने स्वागत किया था।

(d) बांडूंग इंडोनेशिया में एक शहर है।

नीचे दिए गए कूटों से **सही** उत्तर का चयन करें :

(1) (a), (b) और (c) (2) (b), (c) और (d) (3) (a), (b) और (d) (4) (a), (c) और (d)

**50.** संयुक्त राष्ट्र संघ के चार्टर का कौन-सा अनुच्छेद यह उपबन्धित करता है कि ''संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य यह वचन देते हैं कि वे सुरक्षा परिषद को इसकी मांग पर और विशेष समझौतों के अनुसार अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य के लिए आवश्यक सशस्त्र बल और आवागमन के अधिकार सहित सहायता और सुविधाएँ उपलब्ध कराएंगे ?''

(1) अनुच्छेद 41 (2) अनुच्छेद 42 (3) अनुच्छेद 43 (4) अनुच्छेद 44

- o 0 o -



www.a2zSubjects.com

www.a2zSubjects.com

**Space For Rough Work**



www.a2zSubjects.com